विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/ 487 दिनांक : 17/8/2021

प्रति,

प्राचार्य,

भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

जावरा, जिला-रतलाम।

विषय :- वाणिज्य एवं रसायन शास्त्र विषय में शोध केन्द्र प्रारंभ करने के संबंध में।

संदर्भ :- आपका आवेदन पत्र क्रमांक/निरंक/202,दिनांक 13.07.2021

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, महाविद्यालय में सत्र 2021-22 में वाणिज्य एवं रसायन शास्त्र विषय में शोध केन्द्र प्रारंभ करने हेतु विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 18.05.2021 के अनुपालन में उक्त संदर्भित पत्र द्वारा उपरोक्त विषयों हेतु शोध केन्द्र प्रारंभ किये जाने हेतु सत्र 2021-22 का शुल्क रू. 3,39,840/- (अक्षरी रूपये तीन लॉख उनचालीस हजार आठ सौ चालीस मात्र)विश्वविद्यालय कोष में जमा किया जा चुका है।

अतः महाविद्यालय को वाणिज्य एवं रसायन शास्त्र विषय में निरीक्षण समिति की अनुशंसानुसार शोध केन्द्र प्रारंभ करने की स्वीकृति निम्न बिन्दुओं की पूर्ति के अधीन प्रदान की जाती है।

01. वाणिज्य/व्यवसाय प्रबंध/व्यावहारिक अर्थशास्त्र क्षेत्र के कम से कम 06(छः) स्टेन्डर्ड/रेफर्ड रिसर्च जर्नल्स (प्रिंट फार्म में) को नियमित रूप से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।
02. वाणिज्य/व्यवसाय प्रबंध/व्यावहारिक अर्थशास्त्र विषयों के कम से कम 150(एक सौ पचास) नए संदर्भ ग्रंथो का क्रय किया जावे।
03. रसायन शास्त्र क्षेत्र के कम से कम 06(छः) स्टेन्डर्ड/रेफर्ड रिसर्च जर्नल्स (प्रिंट फार्म में) को नियमित रूप से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।
04. रसायन शास्त्र विषय के कम से कम 150(एक सौ पचास) नए संदर्भ ग्रंथो का क्रय किया जावे।
05. रसायन शास्त्र में शोध कार्य हेतु आवश्यक Sensitive Balance, Uv visible, Spectrophotometer, Heating Meetle, Distillation Assembly, RR Spectro meter, etc. क्रय कर के शोध छात्रों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।

निरीक्षण समिति द्वारा इंगित की गई उपरोक्त कमियों की पूर्ति दो माह में पूर्ण कर प्रमाणित दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय को सूचित करें।

आदेशानुसार

उपकुलसचिव(अकादमिक)

दिनांक : 17/8/2021

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/ 488

प्रतिलिपि :-

01. प्राचार्य,शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर(अग्रणी) महाविद्यालय,रतलाम।
02. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद्, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
03. उप/सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
04. प्रभारी, पीएच.डी. शाखा, अकादमिक विभाग,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
05. प्रभारी, ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
06. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक कुलसचिव(अकादमिक)